भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3

सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक)

श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा

3. श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैयाः
श्री अनुराग सिंह ठाकुरः
श्री पी. पी. चौधरी:
कैप्टन बृजेश चौटाः
श्री जशुभाई भिलुभाई राठवाः
श्रीमती हिमाद्री सिंहः
श्रीमती कमलजीत सहरावतः
श्री देवुसिंह चौहानः
श्री अनन्त नायकः
श्री दिलीप शइकीयाः
श्री रमेश अवस्थीः
श्री अमर शरदराव कालेः
श्रीमती कमलेश जांगड़ेः
श्री विजय कुमार दूबेः
श्री नलिन सोरेनः
श्री रोडमल नागरः
श्री आलोक शर्माः
श्री विजय बघेलः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ई-श्रम पोर्टल के प्रारंभ से लेकर अब तक इस पोर्टल पर पंजीकरण के संबंध में हुई प्रगति का लिंग और व्यवसाय के विवरण सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेष रूप से पाली और शहडोल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों सहित ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ई-श्रम पोर्टल के अंतर्गत राज्य-विशिष्ट माइक्रोमाइट्स शुरू की हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सभी कामगारों के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा से संबंधित नियमों के कार्यान्वयन के लिए ई-श्रम डाटा के एक केन्द्रीकृत डाटाबेस के रूप में किस प्रकार कार्य करने की संभावना है और इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं,

(घ) क्या सरकार ने ई-श्रम पोर्टल का वन स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में उन्नयन किया है;

(ङ) यदि हां, तो इसे क्या अतिरिक्त कार्यक्षमताएं प्रदान की जा रही हैं और सरकार की कुल कितनी योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ जोड़ा गया है;

(च) क्या ओडिशा के क्योंझर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में ई-श्रम पंजीकरण को बढ़ावा देने और असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करने के लिए कोई विशेष पहल की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनमें पंजीकृत कामगारों की संख्या कितनी है; और

(छ) इस पोर्टल के साथ एकीकृत केन्द्रीय सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं का ब्यौरा क्या है और ऐसी योजनाओं के अंतर्गत कितने पंजीकृत कामगारों को इसके लाभ से जोड़ा गया है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (छ): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने प्लेटफार्म कामगारों, प्रवासी कामगारों आदि सहित असंगठित कामगारों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीयूडब्ल्यू) बनाने के लिए दिनांक 26 अगस्त, 2021 को ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in) का शुभारंभ किया। ई-श्रम, पोर्टल गिग और प्लेटफार्म कामगारों सहित असंगठित कामगारों को पंजीकृत करता है और उन्हें स्व-घोषणा के आधार पर एक सार्वभौमिक खाता संख्या (यूएएन) प्रदान करता है।

दिनांक 14 जुलाई 2026 तक की स्थिति के अनुसार, ई-श्रम पोर्टल पर 31.78 करोड़ से अधिक असंगठित कामगारों का पंजीकरण पहले ही किया जा चुका है, जिसमें पाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में 3.88 लाख से अधिक पंजीकरण, शहडोल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में 3.67 लाख पंजीकरण और ओडिशा के क्योंझर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में 5.86 लाख पंजीकरण शामिल हैं।

ई-श्रम पोर्टल पर पाली और शहडोल जिलों सहित पंजीकृत असंगठित कामगारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, लिंग-वार और व्यवसाय क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-I, II और III में है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने दिनांक 29 जनवरी 2025 को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों हेतु माइक्रोसाइट्स की शुरुआत की, ताकि उन्हें विशिष्ट स्थानीय आवश्यकताओं और चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए उनकी स्वयं की समर्पित ई-श्रम माइक्रोसाइट से सशक्त बनाया जा सके। ये माइक्रोसाइट्स राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप ई-श्रम की सेवाओं को तैयार करने, कामगार पंजीकरण को सरल बनाने, डेटा अद्यतन (अपडेट) करने, सत्यापन करने और राज्य-विशिष्ट विश्लेषण प्रदान करने हेतु डिज़ाइन की गई हैं।

असंगठित कामगारों के लिए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु ई-श्रम को 'वन-स्टॉप-सॉल्यूशन' के रूप में विकसित करने की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के विज़न के अनुरूप, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को ई-श्रम–"वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" का शुभारंभ किया। ई-श्रम

जारी...2/-

–"वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक सुरक्षा/कल्याणकारी योजनाओं का एक ही पोर्टल अर्थात ई-श्रम पर एकीकरण किया गया है। यह ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंचने और ई-श्रम के माध्यम से अब तक उनके द्वारा प्राप्त किए गए लाभों को देखने में सक्षम बनाता है।

अब तक, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों की पंद्रह (15) योजनाओं को ई-श्रम के साथ एकीकृत/मैप किया जा चुका है, ताकि ई-श्रम कार्डधारकों को सामाजिक सुरक्षा, बीमा या कौशल विकास कार्यक्रमों का लाभ और पहुंच प्रदान की जा सके, जिनमें प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वनिधि), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन के लिए गारंटी (ग्रामीण) (वीबी-ग्राम जी), प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू), प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान), वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) आदि शामिल हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, ई-श्रम, नौकरी के अवसरों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस), कौशल विकास के लिए स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), पेंशन के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) और एमओएचयूए के कन्वर्जेंस पोर्टल के साथ जुड़ा हुआ है।

ई-श्रम पहल के तहत पंजीकरण बढ़ाने और ओड़ीस में क्योंझर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित असंगठित कामगारों का व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने एक व्यापक कार्यनीति अपनाई है। वेब पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से स्व-पंजीकरण को सक्षम करने के अतिरिक्त, कामगारों के लिए आसान पहुंच को सुनिश्चित करने हेतु सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी), राज्य सेवा केंद्रों (एसएसके) और उमंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से सहायता सुविधा युक्त पंजीकरण मोड शुरू किए गए हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय, पंजीकरण अभियान, सामुदायिक जनसंपर्क कार्यक्रम और स्थानीय स्तर पर तैयार संचार प्रयासों सहित लक्षित जागरूकता अभियान चला रहा है। जनसंपर्क को और सुदृढ़ करने के लिए, मंत्रालय वीडियो, ट्यूटोरियल और अन्य सूचनात्मक सामग्री प्रसारित करने हेतु सोशल मीडिया चैनलों का उपयोग कर रहा है, जो इस पहल को अधिक सुलभ और आकर्षक बना रहे हैं।

विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत नामांकित ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का ब्यौरा संलग्नक-IV में है।

****

संलग्नक-I

"श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा" के संबंध में श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया, श्री अनुराग सिंह ठाकुर, श्री पी. पी. चौधरी, कैप्टन बृजेश चौटा, श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा, श्रीमती हिमाद्री सिंह, श्रीमती कमलजीत सहरावत, श्री देवुसिंह चौहान, श्री अनन्त नायक, श्री दिलीप शइकीया, श्री रमेश अवस्थी, श्री अमर शरदराव काले, श्रीमती कमलेश जांगड़े, श्री विजय कुमार दूबे, श्री नलिन सोरेन, श्री रोडमल नागर तथा श्री आलोक शर्मा तथा विजय बघेल द्वारा दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 03 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

दिनांक 14.07.2026 तक की स्थिति के अनुसार, ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा:

क्र.सं.	राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र	पंजीकरण
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	36,025
2	आंध्र प्रदेश	88,80,562
3	अरुणाचल प्रदेश	2,20,860
4	असम	78,82,288
5	बिहार	3,24,68,736
6	चंडीगढ़	1,92,374
7	छत्तीसगढ़	86,67,514
8	दिल्ली	36,73,210
9	गोवा	90,653
10	गुजरात	1,25,87,229
11	हरियाणा	54,43,732
12	हिमाचल प्रदेश	20,31,768
13	जम्मू और कश्मीर	36,63,498
14	झारखंड	98,68,987
15	कर्नाटक	1,11,31,253
16	केरल	61,47,650
17	लद्दाख	36,365
18	लक्षद्वीप	2,876
19	मध्य प्रदेश	1,95,17,182
20	महाराष्ट्र	1,86,61,199
21	मणिपुर	4,75,935
22	मेघालय	3,76,827
23	मिजोरम	73,747
24	नागालैंड	2,48,529
25	ओडिशा	1,37,65,895
26	पुदुचेरी	2,00,131
27	पंजाब	59,82,423
28	राजस्थान	1,55,09,348
29	सिक्किम	51,478
30	तमिलनाडु	98,30,406
31	तेलंगाना	47,05,625
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव	76,372
33	त्रिपुरा	9,07,613
34	उत्तर प्रदेश	8,45,90,721
35	उत्तराखंड	31,24,417
36	पश्चिम बंगाल	2,67,08,321
	कुल परिणाम	31,78,31,749

संलग्नक-II

"श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा" के संबंध में श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया, श्री अनुराग सिंह ठाकुर, श्री पी. पी. चौधरी, कैप्टन बृजेश चौटा, श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा, श्रीमती हिमाद्री सिंह, श्रीमती कमलजीत सहरावत, श्री देवुसिंह चौहान, श्री अनन्त नायक, श्री दिलीप शइकीया, श्री रमेश अवस्थी, श्री अमर शरदराव काले, श्रीमती कमलेश जांगड़े, श्री विजय कुमार दूबे, श्री नलिन सोरेन, श्री रोडमल नागर तथा श्री आलोक शर्मा तथा विजय बघेल द्वारा दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 03 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

दिनांक 14.07.2026 तक की स्थिति के अनुसार पाली और शहडोल लोकसभा क्षेत्रों सहित ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का लिंग-वार ब्यौरा:

लिंग	**देश में पंजीकरण**	**पाली में पंजीकरण**	**शहडोल में पंजीकरण**
महिला	17,22,84,047	2,22,165	1,94,702
पुरुष	14,55,39,378	1,66,490	1,73,159
ट्रांसजेंडर	8,324	5	2
कुल पंजीकरण	**31,78,31,749**	**3,88,660**	**3,67,863**

संलग्नक-III

"श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा" के संबंध में श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया, श्री अनुराग सिंह ठाकुर, श्री पी. पी. चौधरी, कैप्टन बृजेश चौटा, श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा, श्रीमती हिमाद्री सिंह, श्रीमती कमलजीत सहरावत, श्री देवुसिंह चौहान, श्री अनन्त नायक, श्री दिलीप शइकीया, श्री रमेश अवस्थी, श्री अमर शरदराव काले, श्रीमती कमलेश जांगड़े, श्री विजय कुमार दूबे, श्री नलिन सोरेन, श्री रोडमल नागर तथा श्री आलोक शर्मा तथा विजय बघेल द्वारा दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 03 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

दिनांक 14.07.2026 तक की स्थिति के अनुसार, पाली और शहडोल लोकसभा क्षेत्रों सहित ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का व्यवसाय-क्षेत्रवार विवरण

क्र.सं.	व्यवसाय क्षेत्र	देश में पंजीकरण	पाली में पंजीकरण	शहडोल में पंजीकरण
1	कृषि	16,38,97,450	2,11,559	2,59,000
2	परिधान (अपैरल)	2,09,71,713	27,361	8,600
3	ऑटोमोबाइल और परिवहन	86,02,847	8,531	6,308
4	बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा	46,413	53	106
5	ब्यूटी एंड वेलनेस	21,81,095	2,480	1,911
6	पूँजीगत वस्तुएं और विनिर्माण	65,37,693	8,753	10,853
7	सन्निर्माण	2,90,77,770	65,483	20,363
8	घरेलू और पारिवारिक कामगार	2,95,11,030	7,574	15,848
9	शिक्षा	53,70,884	3,100	3,789
10	इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर(एचडब्ल्यू)	51,06,342	5,062	9,862
11	खाद्य उद्योग	18,05,894	2,298	1,343
12	रत्न और आभूषण	10,36,333	1,029	1,221
13	कांच और चीनी मिट्टी (सेरामिक्स)	2,94,463	453	114
14	हस्तशिल्प और कालीन	23,83,750	1,959	1,280
15	स्वास्थ्य सेवा	36,29,496	3,660	2,765
16	चमड़ा उद्योग कार्य	62,17,274	10,683	6,820
17	खनन	4,60,699	1,988	388
18	विविध/प्रकीर्ण	1,52,02,385	12,750	8,813
19	वाद्य यंत्र	1,19,449	255	282
20	कार्यालय प्रशासन और सुविधा प्रबंधन	31,49,183	2,818	1,983
21	संगठित खुदरा (रिटेल)	89,671	103	63
22	मुद्रण (प्रिंटिंग)	5,11,812	1,044	497
23	निजी सुरक्षा	4,68,565	371	268
24	पेशेवर (प्रोफेशनल्स)	8,43,057	803	1,016
25	खुदरा (रिटेल)	24,01,575	3,384	1,604
26	सेवा	3,07,762	261	464
27	टेक्सटाइल और हैंडलूम	2,09,215	1,000	106
28	तंबाकू उद्योग	27,52,552	19	195
29	पर्यटन और आतिथ्य	44,35,489	3,508	1,856
30	लकड़ी और बढ़ईगीरी	2,09,888	318	145
	कुल पंजीकरण	**31,78,31,749**	**3,88,660**	**3,67,863**

संलग्नक-IV

"श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा" के संबंध में श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया, श्री अनुराग सिंह ठाकुर, श्री पी. पी. चौधरी, कैप्टन बृजेश चौटा, श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा, श्रीमती हिमाद्री सिंह, श्रीमती कमलजीत सहरावत, श्री देवुसिंह चौहान, श्री अनन्त नायक, श्री दिलीप शइकीया, श्री रमेश अवस्थी, श्री अमर शरदराव काले, श्रीमती कमलेश जांगड़े, श्री विजय कुमार दूबे, श्री नलिन सोरेन, श्री रोडमल नागर तथा श्री आलोक शर्मा तथा विजय बघेल द्वारा दिनांक 20.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 03 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

दिनांक 14.07.2026 तक की स्थिति के अनुसार, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत नामांकित ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का ब्यौरा:

योजनाएं	**नामांकन**
आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई)	15,10,06,017
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस)	1,68,147
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस)	11,75,748
वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी)	24,46,15,089
प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी)	98,40,347
प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू)	24,95,467
प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई)	2,25,52,084
प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम- किसान)	3,96,28,336
प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई)	32,04,450
प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई)	23,967
प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वनिधि)	32,66,698
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)	8,53,50,770
विकसित भारत-रोजगार के लिए गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीआरएएमजी)	6,20,45,737

****